भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार

Indian Council of Medical Research
Department of Health Research, Ministry of Health and Family Welfare, Government of India

फाइल सं. 16/05/2026–प्रशा. II/ई-फाइल-276128 **दिनांक: ...09.2026**

कार्यालय ज्ञापन

विषय: आईसीएमआर के संस्थानों के छात्रावासों में रह रहे पीएच.डी. शोधार्थियों के छात्रावास आवास शुल्क के विनियमन - के संबंध में।

सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से यह निर्णय लिया गया है कि परिषद के सभी संस्थानों के छात्रावासों में रह रहे पीएच.डी. शोधार्थियों द्वारा देय छात्रावास आवास शुल्क को निम्नानुसार विनियमित किया जाएगा:-

(i) ऐसे पीएच.डी. शोधार्थियों के संबंध में, जिनसे छात्रावास का लाभ उठाने के लिए एचआरए की कटौती की जाती है, लाइसेंस शुल्क संबंधित श्रेणी के छात्रावास के लिए संपदा निदेशालय द्वारा निर्धारित लागू दरों और समय-समय पर यथासंशोधित दरों के अनुसार वसूल किया जाएगा।

(ii) ऐसे पीएच.डी. शोधार्थियों के संबंध में, जिनसे एचआरए की कटौती नहीं की जाती है और जो नियमित रुप से एचआरए प्राप्त कर रहे हैं, उनसे अतिथि गृह के संबंध में आईसीएमआर द्वारा दिनांक 02.06.2026 को दिशानिर्देशों के अनुसार सरकारी ड्यूटी पर जेआरएफ/एसआरएफ के लिए निर्धारित आवास शुल्क **₹250/- प्रति दिन तथा लागू जीएसटी** दर के अनुसार छात्रावास शुल्क वसूल किया जाएगा।

आईसीएमआर के सभी संस्थानों के निदेशकों से अनुरोध है कि उक्त निर्णय का कार्यान्वयन सुनिश्चित करें तथा तदनुसार छात्रावास शुल्क की वसूली करें।

यह सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

-हस्त-
(जयबीर सिंह)
सहायक महानिदेशक (प्रशासन)

प्रतिलिपि:-

1. परिषद के महानिदेशक/अपर महानिदेशक/वरिष्ठ उप महानिदेशक (प्रशा.)/वरिष्ठ वित्त सलाहकार के निजी सचिव।
2. सभी प्रभाग-प्रमुख, परिषद मुख्यालय।
3. परिषद के सभी संस्थानों/केंद्रों के निदेशक/प्रभारी-निदेशक।
4. डॉ. एम. एस. चाल्गा, वैज्ञानिक-डी, आईसीएमआर मुख्यालय – आईसीएमआर वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

वी. रामलिंगस्वामी भवन, पोस्ट बॉक्स नं. 4911,
अंसारी नगर, नई दिल्ली - 110 029, भारत
V. Ramalingaswami Bhawan, P.O. Box No. 4911,
Ansari Nagar, New Delhi - 110 029, India

Tel: +91-11-26588895 / 26588980 / 26589794
+91-11-26589336 / 26588707
Fax: +91-11-26588662 | icmr.nic.in